प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना के युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति' का अवलोकन करेंगी–स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगीं
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल प्रस्तावित अजमेर दौरे को देखते हुए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं
- विधानसभा में आज वित्त वर्ष 2026–2027 का राज्यबजट पारित करने के लिए प्रस्ताव रखा जायेगां
- प्रदेशभर में गर्मी का असर बढा–पश्चिमी जिलों में दिन का तापमान 35 डिग्री के पास पंहुचां

00000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय वायु सेना के युद्धाभ्यास 'वायु शक्ति' का अवलोकन करेंगीं **श्रीमती** मुर्मू कल शाम राज्य के दो दिवसीय दौरे पर जैसलमेर पहुंचीं अभ्यास से पहले राष्ट्रपति स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टरकृस्ब 'प्रचंड' में उड़ान भरेंगीं इस दौरान दो एलसीएच हेलीकॉप्टर उडान भरेंगे, जिसमें से एक में वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह भी होंगें इसके बाद राष्ट्रपति पोकरण में आयोजित भारतीय वायु सेना के मेगा प्रदर्शन 'वायु शक्ति' में शामिल होंगीं कार्यक्रम के दौरान वायुसेना के विभिन्न विमान अपनी परिचालन क्षमताओं का भी प्रदर्शन करेंगें कार्यक्रम में राष्ट्रपति के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहेंगें

....

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त पर वेबिनार को संबोधित करेंगें वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये अपने संबोधन में सार्वजनिक पूंजी व्यय, बुनियादी ढांचा, बैंकिंग सेक्टर सुधार, वित्तीय सेक्टर प्रबंधन, पूंजी बाजारों की मजबूती और कर सुधारों के जरिए जीवन सुगमता जैसे विषयों पर विचार–विमर्श होगां केन्द्रीय बजट 2026–27 के प्रमुख विषयों पर बजट बाद आयोजित होने वाले वेबिनारों की श्रृंखला में यह पहली ऑनलाइन संगोष्ठी हैं इन संगोष्ठियों का उद्देश्य पिछले अनुभवों से लाभ लेना और प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया प्राप्त करना है ताकि व्यावहारिक अनुभवों के आधार पर बजट घोषणाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सकें वेबिनार में उद्योग जगत, वित्तीय संस्थान, बाजार, सरकार और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भाग लेंगें

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल प्रस्तावित अजमेर दौरे को देखते हुए प्रशासनिक और राजनैतिक सरगर्मियां बढ गई हैं शहर का कायड़ विश्रामस्थली परिधि क्षेत्र रेड जोन घोषित किया गया हैं जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि इन दिनों चल रहे विवाह समारोह के आयोजनों को देखते हुए सभी फोटोग्राफरों और ड्रॉन संचालकों को रेड जोन परिधी में ड्रॉन और हवाई उपकरण न उडाने की हिदायत दी गई हैं कार्यकम में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न क्षेत्रों से लोगों के पंहुचने की संभावना को देखते हुए समूचे जिले में सुरक्षा व्यवस्था बढा दी गई हैं

.....

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी कल अजमेर के कायड विश्राम स्थली पर आयोजित समारोह से प्रदेश को 16 हजार 600 करोड़ रूपये से अधिक की पीने के पानी, बिजली, सिंचाई, अक्षय ऊर्जा, सड़क और सिवरेज सहित अन्य परियोजनाओं की सौगात देंगें इस दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन की एक हजार करोड़ रूपये की राशि का लाभार्थियों के खाते में सीधा हस्तान्तरण होगां वहीं प्रदेशभर में 21 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र भी इस कार्यकम में सौंपे जायेंगें

0000

विधानसभा में आज वित्त वर्ष 2026–2027 का राज्यबजट पारित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रस्ताव करेंगें वे राजस्थान वित्त विधेयक 2026 पर विचार करने के लिए इसे सदन में प्रस्तुत करेंगें मुख्यमंत्री के जवाब के बाद वित्त विधेयक पारित किया जायेगां इसके अलावा उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी राजस्थान विनियोग विधेयक 2026 पर विचार करने और पारित करने के लिए इसका सदन में प्रस्ताव रंखेगीं सदन की कार्यवाही के दौरान आज विभिन्न वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे भी पटल पर रखे जायेंगे वहीं कई याचिकाओं का उपस्थापन किया जायेगां

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कल कोटा जिले को विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दीं उन्होंने कोटा के बपावर में 60 करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली 17 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कियां इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं को प्रमुखता के साथ धरातल पर उतारने के प्रयास किये जा रहे हैं

....

कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने क्षेत्र को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प दोहरायां

00000

प्रदेश के युवाओं और नव उद्यमियों में स्टार्टअप को बढावा देने और सरकार द्वारा जारी योजनाओं की जानकारी **देने** के लिए जयपुर में आज से राजस्थान स्टार्टअप समिट 2026 शुरू होगां सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के सहयोग से आयोजित हो रहे इस समिट में आर्मेनिया सरकार का साइंटिफिक एजुकेशनल फाउंडेशन भी भूमिका निभा रहा हैं 1 मार्च तक चलने वाले इस समिट में 130 से अधिक चयनित स्टार्टअप को कार्यशालाओं, पैनल चर्चा और व्यक्तिगत मार्गदर्शन सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगां समिट का उद्देश्य भारतीय स्टार्टअप और दक्षिण एशिया, पूर्वी यूरोप, मिडिल ईस्ट क्षेत्रों के निवेशकों के बीच साझेदारी बढ़ाना हैं साथ ही यह समिट राजस्थान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख स्टार्टअप और नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगीं

00000

**प्रदेशभर में** तापमान में बढोतरी से गर्मी की आहट महसूस होने लगी हैं कल अधिकांश शहरो में दिन का तापमान 30 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गयां पश्चिमी जिलों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पास रहां मौसम विभाग के अनुसार राज्य में

अगले कुछ दिन मौसम शुष्क रहेगा और तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी होने की संभावना हैं इस बीच सबसे ज्यादा साढे 36 डिग्री सेल्सियस तापमान बाडमेर में मापा गयां

00000

होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही प्रदेशभर में फागोत्सव की धूम मची हुई हैं ब्रज से लगते क्षेत्रों में इन दिनों अलग ही नजारा देखने को मिल रहा हैं डीग में चल रहे होली महोत्सव में कल रसिया गायन के साथ राजस्थानी संस्कृति की रंगारंग प्रस्तुति की गई इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बडी संख्या में लोगों ने फागोत्सव का आनंद लियां इधर सिरोही में जिला मुख्यालय पर चल रहे राजीविका होली मेलों में वन धन विकास केन्द्रों द्वारा बनायी गई हर्बल गुलाल विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं लोग प्राकृतिक वस्तुओं से बनी गुलाल खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं

0000